सीकर, 12 मार्च। नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को सीकर में अमृत 2.0 फेज द्वितीय के तहत सीवरेज परियोजना का शिलान्यास किया।
इस दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार उन्नति कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनधन खाता योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मेक इन इंडिया योजना सहित अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने अमृत 2.0 फेज टू के तहत सीवरेज निर्माण करने वाली कंपनी के प्रतिनिधि से कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए, लापरवाही करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि वे सीकर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सीकर के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है तथा जरूरत के अनुसार अन्य कार्य भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीकर के विकास में केंद्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से पैसे की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस दौरान पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, नगर परिषद सभापति जीवन खां, इंदिरा चौधरी, हरिराम रणवा, उपसभापति नगर परिषद अशोक चौधरी, नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद सीकर अशोक चौधरी, बीएल रणवा, ईश्वर सिंह राठौड़, आयुक्त नगर परिषद सीकर शशिकांत शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गौशाला का किया उद्घाटन

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को बजाज ग्राम सांवली सीकर में श्री कल्याण गौशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री खर्रा ने कहा कि हम सबको अपने सामर्थ्य अनुसार अपनी कमाई का कुछ हिस्सा गौ सेवा या पशु सेवा में लगाना चाहिए।

इस दौरान धोद विधायक गोरधन वर्मा, कांता प्रसाद मोर, अभिषेक मोर सहित श्री कल्याण आरोग्य सदन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।
....